## सर्वदलीय बैठक

आर.डी.जी. बंद होने के मुद्दे पर राज्य सरकार ने आज शिमला में सर्वदलीय बैठक बुलाई। विपक्षी दल भाजपा ने बैठक को कांग्रेस का राजनीतिक एजेंडा बताते हुए इसका बहिष्कार किया। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार ने राजनीतिक मंशा से ये बैठक बुलाई है और आर.डी.जी. को लेकर तथ्यों के विपरित आंकड़े दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार अपने आर्थिक कुप्रबंधन का ठिकरा केंद्र सरकार व पूर्व भाजपा सरकार के सिर फोड़ना चाहती है। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि वित्त आयोग के समक्ष आर.डी.जी. को लेकर राज्य सरकार सही ढंग से अपना पक्ष रखने में नाकाम रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार केंद्र पर दोषारोपण कर रही है और आज की बैठक में भी भाषा की मर्यादा का ख्याल नहीं रखा गया।

दूसरी ओर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि भाजपा आर.डी.जी. को अपना मत स्पष्ट नहीं कर पाई और बिना कोई सुझाव दिए ही बैठक से चली गई। उन्होंने कहा कि आर.डी.जी. हिमाचल के लोगों का अधिकार है और कांग्रेस सरकार इसे लेकर लड़ाई लड़ती रहेगी।

## पंचायत चुनाव

उच्चतम न्यायालय ने प्रदेश में पंचायतीराज चुनाव इस वर्ष 31 मई से पहले करवाने के आदेश दिए हैं। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की खंडपीठ ने ये फैसला सुनवाया। राज्य सरकार ने प्रदेश उच्च न्यायालय के उस फैसले को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी, जिसमें 30 अप्रैल से पहले पंचायतीराज चुनाव करवाने का आदेश दिया गया था। उच्चतम न्यायालय के आज के आदेश के अनुसार राज्य सरकार को एक महीने की राहत मिली है। अदालत ने कहा कि पुनर्सीमांकन के नाम पर संवैधानिक संस्थाओं के चुनाव टाले नहीं जा सकते।

## विश्व रेडियो दिवस

आज विश्व रेडियो दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस हर वर्ष 13 फरवरी को 1946 में संयुक्त राष्ट्र रेडियो की स्थापना की स्मृति में मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय है– "रेडियो और एआई– एक उपकरण है, आवाज नहीं।" प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व रेडियो दिवस के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि यह दिवस रेडियो से जुड़े लोगों के प्रयासों को सम्मान देने का अवसर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि रेडियो एक ऐसा माध्यम है जो दूर–दराज के गांवों से लेकर व्यस्त शहरों तक लोगों को एक विश्वसनीय आवाज के रूप में सेवाएं देता है। अपने कार्यक्रम मन की बात का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से उन्होंने समाज की शक्ति को उजागर करने में रेडियो क्षमता का अनुभव किया है।

## लोकसभा–दवा मौत

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने कहा है कि देश में कोडीन युक्त कफ सिरप के सेवन से किसी की मौत की कोई घटना सामने नहीं आई है। आज लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान उन्होंने कहा कि जब भी किसी दवा से संबंधित मौत का मामला सामने आता है, सरकार तुरंत जांच का आदेश देती है। जे. पी. नड्डा ने कहा कि यदि कोई दवा उपभोग के लिए अनुपयुक्त पाई जाती है, तो उसे तुरंत बाजार से वापस मंगा लिया जाता है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि दवा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक सुस्थापित नियामक प्रक्रिया लागू है, जिसका सरकार सख्ती से पालन कर रही है।

## संसद–स्थगित

संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही आज स्थगित कर दी गई है। बजट सत्र के दूसरे संस्करण के लिए 9 मार्च को फिर से संसद की बैठक होगी। बजट सत्र का पहला चरण पिछले महीने की 28 तारीख को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के दोनों सदनों के संयुक्त अभिभाषण के साथ शुरू हुआ था। दो चरणों में आयोजित बजट सत्र का दूसरा चरण 9 मार्च से 2 अप्रैल तक चलेगा।

पंचायती राज–अनुदान

केन्द्र सरकार ने ग्रामीण स्थानीय निकायों को मजबूत करने के लिए तीन हजार 3 सौ 24 करोड़ रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की है। यह निधि 15वें वित्त आयोग की सिफारिशों के तहत वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए अप्रतिबंधित अनुदान की दूसरी किस्त के रूप में जारी हुई है जो हिमाचल प्रदेश सहित पांच राज्यों बिहार, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल को दी जाएगी। इस राशि में से हिमाचल प्रदेश की 3 हजार 6 सौ 2 ग्राम पंचायतों के लिए 68 करोड़ 30 लाख रुपये जारी किए गए हैं। साथ ही 26 अतिरिक्त पात्र ग्राम पंचायतों को 34 लाख 53 हजार रुपये भी जारी किए गए। पंचायती राज मंत्रालय ने कहा कि अप्रतिबंधित अनुदानों का उपयोग स्थानीय जरूरतों को पूरा करने के लिए किया जाएगा।